चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

Chaudhary Charan Singh University, Meerut

E.mail : ar.affiliation@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांक:–सम्बद्धता / 3291 /2026–27 दिनांक : 02.11.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / सचिव
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक / निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ

विषयः– **Bharat Boudhiks 2.0** राष्ट्रीय परीक्षा–2026 में प्रतिभाग हेतु उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सिचव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या–1556 / सत्तर–1–2026 दिनांक 14.10.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जो कि **Bharat Boudhiks 2.0** राष्ट्रीय परीक्षा–2026 में अधिक से अधिक छात्रों द्वारा प्रतिभाग किये जाने के लिये प्रदेश के विश्वविद्यालयो एवं महाविद्यालयों को अपने छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु निर्देशि किया गया है। उक्त **परीक्षा में परीक्षार्थियों के पंजीकरण की अन्तिम तिथि दिनांक 05.11.2026 की गयी है**, परीक्षा में कला, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान से सम्बन्धित विषयवस्तु शामिल है, इसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी भाग ले सकते है। परीक्षा दिनांक 21.11.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित होगी।

उक्त के सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा है कि आप अपने–अपने विभागों / महाविद्यालयों / संस्थानों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत छात्रों का पंजीकरण दिनांक 05.11.2026 तक करते हुये पंजीकृत छात्रों की सूची registrar@ccsuniversity.ac.in पर प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त प्रकरण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।

भवदीय

02/11/26

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. श्री सत्य प्रकाश, मुख्य नोडल अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
03. प्रभारी प्रैस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
04. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
05. सम्बन्धि पत्रावली।

कुलसचिव